भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4111**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**लोहारू टाउन में राष्ट्रीय राजमार्ग-709ई पर बाईपास का निर्माण**

4111. श्री धर्मबीर सिंहः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लोहारू टाउन में राष्ट्रीय राजमार्ग-709ई पर बाईपास के निर्माण के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है जो विशेषकर लोहारू-पिलानी सड़क और लोहारू-सूरजगढ़ सड़क को जोड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि लोहानी, जुई और धींगा जैसे प्रमुख शहरों, जहां अक्सर यातायात की भीड़- भाड़ और प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, को बाईपास योजना में शामिल नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार इस क्षेत्र में यातायात के सुचारु प्रवाह और सड़क सुरक्षा में सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर इन शहरों के लिए बाईपास की स्वीकृति देने पर विचार करेगी?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार ने परामर्शी सेवाएं सौंपते हुए लोहारू, लोहानी, जुई, ढिगावा आदि शहरों के लिए रारा-709 (विस्तार) पर बाईपास के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है।

*****